भारतीय संस्कृति ने तो हजारों वर्षों पूर्व ही इस सत्य को स्वीकार कर लिया था। हमारे यहां 'मित्रस्य चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्' अर्थात् समस्त प्राणियों को मित्र-दृष्टि से देखने की कामना की गई है। जैन दर्शन का मैत्री भाव, बौद्ध धर्म की मैत्री भावना, उपनिषदों का वसुधैव कुटुम्बकम् तथा संत परम्परा का प्रेम-दर्शन इसी वैश्विक मित्रता की आधारशिला हैं। मित्रता संसार का सबसे स्वाभाविक और सबसे स्वतंत्र संबंध है। जन्म से मिलने वाले रिश्तों के विपरीत मित्रता का चुनाव मनुष्य स्वयं करता है। इसमें न रक्त का बंधन है, न किसी सामाजिक अनुबंध की बाध्यता। यह विश्वास, आत्मीयता, सम्मान और स्वीकार्यता पर आधारित वह रिश्ता है जिसमें व्यक्ति बिना किसी भय और संकोच के स्वयं को अभिव्यक्त कर सकता है। सच्चा मित्र हमारी सफलताओं पर प्रसन्न होता है और हमारी

असफलताओं में सबसे पहले हमारे साथ खड़ा दिखाई देता है।

श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता भारतीय संस्कृति में केवल दो मित्रों की कहानी नहीं है, बल्कि यह बताती है कि मित्रता का मूल्य धन, पद और वैभव से कहीं ऊपर है। श्रीराम और विभीषण की मित्रता यह संदेश देती है कि सत्य और धर्म के आधार पर स्थापित संबंध कभी नष्ट नहीं होते। इतिहास में ऐसी अनेक मित्रताएं हमें यह सिखाती हैं कि सच्चा मित्र वही है जो हमारे व्यक्तित्व का विस्तार बने, हमारे विवेक को जागृत करे और कठिन समय में हमारा संबल बने। किन्तु आज एक गंभीर प्रश्न हमारे सामने है-यदि मित्रता इतनी महान है तो समाज में वैमनस्य, हिंसा, घृणा और अविश्वास क्यों बढ़ रहा है? परिवारों में संवाद क्यों टूट रहा है? विचारों का मतभेद मनभेद में क्यों बदल जाता है? सोशल मीडिया पर हजारों 'फॉलोअर्स' होने के बावजूद मनुष्य भीतर से इतना अकेला क्यों है?

इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि हमने संबंधों को सुविधा का साधन बना लिया है। आज मित्रता भी स्वार्थ, उपयोगिता और अवसरवाद के तराजू पर तौली जाने लगी है। जब तक लाभ है तब तक मित्रता है, लाभ समाप्त होते ही संबंध भी समाप्त हो जाते हैं। ऐसी क्षणिक मित्रता वास्तव में केवल परिचय होती है, आत्मीयता नहीं। जहां स्वार्थ प्रवेश करता है, वहां विश्वास धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। तकनीक ने हमें जोड़ने का दावा किया, लेकिन उसने संवाद की आत्मा भी कहीं छीन ली। आज लोग घंटों मोबाइल स्क्रीन पर सक्रिय रहते हैं, परंतु अपने परिवार और मित्रों के साथ कुछ मिनट भी मन से नहीं बैठ पाते। इमोजी ने भावनाओं का स्थान ले लिया है और 'ऑनलाइन' रहने वाला व्यक्ति वास्तविक जीवन में भावनात्मक रूप से 'ऑफलाइन' होता जा रहा है। यही कारण है कि अकेलापन आज विश्व स्वास्थ्य की सबसे बड़ी चुनौतियों में गिना जाने लगा है।

विश्व के अनेक देशों में युद्ध, आतंकवाद, धार्मिक कट्टरता, नस्लीय भेदभाव और आर्थिक प्रतिस्पर्धा ने मनुष्यों के बीच दीवारें खड़ी कर दी हैं। ऐसे वातावरण में मित्रता केवल व्यक्तिगत सुख का माध्यम नहीं, बल्कि विश्व शांति की आवश्यकता बन गई है। यदि राष्ट्र मित्रता की भाषा सीख लें, यदि समाज संवाद का मार्ग अपनाए और यदि व्यक्ति दूसरे के दुःख को अपना दुःख समझने लगे तो अनेक संघर्ष स्वतः समाप्त हो सकते हैं। मित्रता का वास्तविक अर्थ केवल साथ घूमना, हँसना और उत्सव मनाना नहीं है। मित्रता का अर्थ है दूसरे के सम्मान की रक्षा करना, उसकी अनुपस्थिति में भी उसके प्रति निष्ठावान रहना, उसकी कमियों को स्वीकार करते हुए उसके विकास में सहयोग देना तथा आवश्यकता पड़ने पर सत्य कहने का साहस रखना। जो मित्र केवल प्रशंसा करता है, वह हितैषी नहीं हो सकता। सच्चा मित्र वह है जो समय आने पर हमारी भूलों का भी निष्पक्ष संकेत करे।

आज आवश्यकता मित्रता की नई परिभाषा गढ़ने की है। मित्रता प्रेम से आगे बढ़कर करुणा का पर्याय बने। प्रेम में कभी-कभी अधिकार और अपेक्षाएं जन्म लेती हैं, जबकि करुणा में केवल समर्पण और परमार्थ होता है। जब मित्रता करुणा पर आधारित होती है, तब उसमें ईर्ष्या, प्रतिस्पर्धा और स्वार्थ के लिए कोई स्थान नहीं बचता। यदि हम अपने जीवन में कुछ सरल सूत्रों को अपनाएं तो मित्रता का यह संबंध अधिक सशक्त बन सकता है एक-दूसरे की अच्छाइयों और कमियों को सहजता से स्वीकार करना, संवाद को कभी समाप्त न होने देना, विश्वास और पारदर्शिता बनाए रखना, कठिन समय में साथ खड़ा रहना तथा मित्रता को समय देना। संबंध समय मांगते हैं, केवल संदेश भेजने से आत्मीयता नहीं बनती। अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस विशेष रूप से युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज की पीढ़ी डिजिटल माध्यमों से दुनिया भर से जुड़ रही है। यदि यही युवा विविध संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं का सम्मान करते हुए वैश्विक मित्रता का संदेश फैलाएं तो आने वाला विश्व अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय हो सकता है। विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं और धार्मिक संगठनों को ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए जो संवाद, सहयोग और सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत करें।

जैन आचार्यों ने मैत्री, प्रमोद, करुणा और मध्यस्थ जैसे चार भावों के माध्यम से मानव संबंधों का अद्भुत दर्शन प्रस्तुत किया है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने मन में केवल मैत्री का भाव विकसित कर ले तो न घृणा बचेगी, न हिंसा और न ही वैमनस्य। महावीर का संदेश-'सभी जीव मेरे मित्र हैं, किसी से मेरा वैर नहीं'-आज के विश्व के लिए सबसे प्रासंगिक जीवन-दर्शन है। यह भी स्मरण रखना होगा कि मित्रता केवल समान विचारों वालों के बीच नहीं होती। विचार-भिन्नता स्वाभाविक है, लेकिन मन-भिन्नता विनाशकारी है। विचार-भेद से नए विचार जन्म लेते हैं, जबकि मन-भेद रिश्तों को तोड़ देता है। लोकतंत्र हो या परिवार, संस्था हो या समाज-जहाँ संवाद जीवित रहता है, वहाँ मित्रता भी जीवित रहती है।

आज जब रिश्तों की जमीन सूख रही है, संवेदनाएं बिखर रही हैं और मनुष्य स्वयं को भीड़ में भी अकेला महसूस कर रहा है, तब अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस हमें याद दिलाता है कि दुनिया को सबसे अधिक आवश्यकता नई तकनीक की नहीं, बल्कि नए विश्वास की है, नई प्रतिस्पर्धा की नहीं बल्कि नई करुणा की है, नई शक्ति की नहीं बल्कि नई मित्रता की है। हम अपने जीवन में कम-से-कम एक ऐसा संबंध अवश्य बनाएं जिसमें स्वार्थ नहीं, विश्वास हो। अपेक्षा नहीं, अपनापन हो। अधिकार नहीं, सम्मान हो और केवल साथ चलने का नहीं, साथ निभाने का संकल्प हो। यही मित्रता की सच्ची साधना है, यही मानवता की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यही विश्व शांति का सबसे विश्वसनीय मार्ग भी है।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

संपादकीय

इथेनॉल पर सवाल

पेट्रोलियम पदार्थों के विदेशों से आयात पर देश की अत्यधिक निर्भरता हमेशा गंभीर चिंता का विषय रही है। खासकर, हालिया पश्चिम एशिया संकट के दौरान हॉर्मूज खाड़ी में कच्चे तेल व गैस टैंकरों की आवाजाही पर रोक ने स्थिति की गंभीरता को दशार्या। ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल को लेकर आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिये इसमें इथेनॉल मिलाने का विकल्प चुना। लेकिन आज इसके साइड इफेक्ट को लेकर देश में चिंता बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि इससे वाहनों की माइलेज कम हुई है। कुछ की आशंका है कि गाड़ियों के रखरखाव की लागत बढ़ी है। दरअसल, इसकी वजह इथेनॉल के उपयोग को लेकर किसी प्रामाणिक अध्ययन का सामने न आना भी रहा है। ऐसे में अब जब केंद्र सरकार ने संसद में स्वीकार किया है कि उसने अभी तक ऐसा कोई आकलन नहीं किया है, जिससे पता चल सके कि देश में कितने वाहन ई-20 यानी अस्सी प्रतिशत पेट्रोल व बीस प्रतिशत इथेनॉल के अनुकूल हैं, तो सवाल उठना स्वाभाविक है। इससे यह बात साबित होती है कि देश के हरित ऊर्जा के लक्ष्यों और जमीनी स्तर की तैयारियों के बीच कितना अंतर है। ऐसे में वाहनों की प्रामाणिक गिनती या सर्वे के बिना देशव्यापी बदलाव के सफल होने की उम्मीद कैसे की जा सकती है? निस्संदेह ई-20 को बढ़ावा देने का उद्देश्य कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करना है। साथ ही कार्बन उत्सर्जन घटाना और भारत की बायोफ्यूल वाली अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाना है। वहीं सरकार का कहना है कि बड़े पैमाने पर हुए अध्ययनों और फील्ड ट्रायल में यह वैकल्पिक ईंधन निर्धारित मानकों के तहत प्रयोग के लिये सुरक्षित पाया गया है। निस्संदेह, नियंत्रित स्थिति में हुए वैज्ञानिक परीक्षणों के परिणाम सकारात्मक हो सकते हैं। लेकिन जब लाखों वाहन चालकों को प्रभावित करने वाली किसी नीति का क्रियान्वयन किया जाता है तो जनता का विश्वास हासिल करने के लिये प्रामाणिक डेटा की भी जरूरत होती है। बहरहाल, संसद में सरकार की स्वीकारोक्ति से इस नीति को लेकर विरोधाभास तो उजागर होता ही है। सरकार का दावा है कि पिछले कुछ सालों से बीस करोड़ दुपहिया वाहनों और तीन करोड़ से ज्यादा पेट्रोल से चलने वाली कारों में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल का इस्तेमाल किया जा रहा है। सरकारी दलील है कि इसके बावजूद कोई बड़ी समस्या सामने नहीं आई है। हालांकि, सरकार की ओर से यह जानकारी नहीं दी गई है कि जिन वाहनों को लेकर वह दावा कर रही है, उसमें कितने वाहन ई-20 के लिये डिजाइन या प्रमाणित थे। ऐसी किसी बुनियादी जानकारी के बिना, सुरक्षा और परफॉर्मेंस के बारे में दिए गए भरोसे के शब्द शायद ही लोगों को विश्वास दिला पाएं कि इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल उनके लिये लाभकारी है।

चिंतन-मनन

भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य

भगवान भौतिक जगत के पालन व निर्वाह के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी नहीं हैं। हम एटलस (एक रोमन देवता) को कंधों पर गोला उठाये देखते हैं। वह अत्यन्त थका लगता है और इस विशाल पृथ्वीलोक को धारण किये रहता है। हमें किसी ऐसे चित्र को मन में नहीं लाना चाहिए, जिसमें कृष्ण इस सृजित ब्रह्मांड को धारण किये हों। उनका कहना है कि यद्यपि सारी वस्तुएं उन पर टिकी हैं, सारे लोक अन्तरिक्ष में तैर रहे हैं और यह अन्तरिक्ष परमेश्वर की शक्ति है किन्तु वे अन्तरिक्ष से पृथक स्थित हैं। भगवान कहते हैं, यद्यपि सब रचित पदार्थ मेरी अचिंत्य शक्ति पर टिके हैं, किन्तु भगवान रूप में मैं उनसे पृथक रहता हूं। यह भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य है। वैदिककोश निरुक्ति में कहा गया है- परमेश्वर शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अचिंत्य आश्चर्यजनक लीलाएं कर रहे हैं। उनका व्यक्तित्व विभिन्न शक्तियों से पूर्ण है और संकल्प स्वयं एक तथ्य है। भगवान को इसी रूप में समझना चाहिए। हम कोई काम करना चाहते हैं, तो अनेक विघ्न आते हैं और कभी-कभी जो चाहते हैं वह नहीं कर पाते। किन्तु जब कृष्ण कोई कार्य करना चाहते हैं, तो सब इतनी पूर्णता से सम्पन्न हो जाता है कि कोई सोच नहीं पाता कि यह सब कैसे हुआ! भगवान समझाते हैं-यद्यपि वे समस्त सृष्टि के पालक तथा धारणकर्ता हैं, किन्तु वे इस सृष्टि का स्पर्श नहीं करते। उनके मन और स्वयं उनमें कोई भेद नहीं है। वे हर वस्तु में उपस्थित हैं, किन्तु सामान्य व्यक्ति समझ नहीं पाता कि वे साकार रूप में उपस्थित हैं। वे भौतिक जगत से भिन्न हैं तो भी प्रत्येक वस्तु उन्हीं पर आश्रित है। इसे ही भगवान की योगशक्ति कहा गया है।

सावधान! घर बैठे कमाई वाला वो एक मैसेज आपको बना सकता है डिजिटल गुलाम

दिलीप कुमार पाठक

घर बैठे मोबाइल से कमाएं रोज के पांच हजार रुपए! आजकल फेसबुक, इंस्टाग्राम या व्हाट्सएप खोलते ही ऐसे लुभावने मैसेज हर तरफ तैरते हुए दिख जाते हैं। मंदी और बेरोजगारी के इस दौर में जब जेब तंग हो, तो ऐसे विज्ञापन किसी वरदान या लॉटरी जैसे लगते हैं। लेकिन जरा ठहरिए! जिस लिंक पर आप एक क्लिक करने जा रहे हैं, वो आपको अमीर बनाने का रास्ता नहीं, बल्कि एक ऐसे दलदल का रास्ता है जहाँ से आप कंगाल और बर्बाद होकर ही बाहर निकलेंगे। हर साल 30 जुलाई को दुनिया भर में मानव तस्करी के खिलाफ विश्व दिवस मनाया जाता है।

जब भी हम मानव तस्करी का नाम सुनते हैं, तो हमारे दिमाग में पुरानी फिल्मों जैसा कोई सीन आता है - जैसे किसी का जबरन किडनैप कर लेना, किसी मासूम को बंधक बनाकर मजदूरी कराना या भीख मंगवाना। लेकिन आज के इस चमचमाते डिजिटल जमाने में अपराधियों ने अपना तरीका पूरी तरह बदल लिया है। आज का सबसे नया और खतरनाक सच है साइबर स्लेवरी यानी डिजिटल गुलामी। अब इंसानों को किसी अंधेरी कोठरी में नहीं, बल्कि कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बैठाकर इंटरनेट की अदृश्य जंजीरों से गुलाम बनाया जा रहा है। इस पूरे काले खेल की शुरूआत बहुत ही सीधे और मासूम तरीके से होती है। आपको व्हाट्सएप पर एक अनजान नंबर से मैसेज आएगा कि यूट्यूब वीडियो लाइक करो और घर बैठे पैसे कमाओ। आप उनके कहे अनुसार वीडियो लाइक करते हैं और आपके खाते में सचमुच 200-300 रुपए आ भी जाते हैं। यहाँ पर बड़ी चालाकी से आपका भरोसा जीत लिया जाता है। इसके बाद असली जाल बिछाया जाता है। वो आपसे कहेंगे कि अगर और ज्यादा मोटी कमाई करनी है, तो आपको थोड़ा पैसा इन्वेस्ट करना होगा। घर बैठे रातों-रात अमीर बनने के लालच में लोग अपनी जिंदगी भर की जमा-पूंजी, यहाँ तक कि कर्ज लेकर या घर के गहने बेचकर लाखों रुपए इन फर्जी वेबसाइट्स पर लगा देते हैं। जब तक हमें समझ आता है कि हम पूरी तरह लुट चुके हैं, तब तक स्क्रीन के उस पार बैठा ठग अपना डिजिटल बोरिया-बिस्तर समेटकर गायब हो चुका होता है। यह तो इस गंदे खेल का सिर्फ एक हिस्सा है।

इसका दूसरा और सबसे डरावना रूप वो है जो हमारे देश के पढ़े-लिखे युवाओं के साथ विदेशों में हो रहा है। कंबोडिया, म्यांमार और थाईलैंड जैसे देशों में डेटा एंट्री या कंप्यूटर ऑपरेटर की आलीशान नौकरी का लालच देकर भारतीय लड़कों को बुलाया जाता है। वहां पहुंचते ही उनके पासपोर्ट छीन लिए जाते हैं और उन्हें बंदूक की नोक पर बड़ी-बड़ी इमारतों में बंद कर दिया जाता है। इसके बाद उनसे जबरन भारत में बैठे मासूम लोगों को फोन करके या मैसेज भेजकर ठगने का काम कराया जाता है। जो युवा ऐसा करने से मना करते हैं, उन्हें कई-कई दिनों तक भूखा रखा जाता है, लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा जाता है और करंट के झटके दिए जाते हैं। यानी हमारे ही देश के बेरोजगार लड़कों को बंधक बनाकर, उन्हीं के हाथों दूसरे भारतीयों को लुटवाया जा रहा है। यह स्थिति बेहद भयानक है। सरकार और पुलिस अपनी तरफ से कोशिश कर रही हैं, लेकिन सिर्फ पुलिस के भरोसे इस अदृश्य दुश्मन से नहीं जीता जा सकता। इस डिजिटल गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का एक ही तरीका है - हमारी खुद की समझदारी। हमें यह छोटी सी बात समझनी होगी कि दुनिया में कोई भी कंपनी बिना किसी मेहनत या बिना किसी इंटरव्यू के घर बैठे मुफ्त में पैसे नहीं बांटती। अगर कोई ऑफर जरूरत से ज्यादा अच्छा लग रहा है, तो समझ जाइए कि दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है। अगर कभी अनजाने में आप ऐसे किसी जाल में फंस जाएं या आपके साथ कोई ऑनलाइन फ्रॉड हो जाए, तो डरने या समाज के डर से छिपने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। सरकार ने इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत भारत सरकार के राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। जितनी जल्दी आप इस नंबर पर शिकायत करेंगे, आपके पैसे वापस मिलने की उम्मीद उतनी ही ज्यादा होगी, याद रखिए, आपकी एक सावधानी आपको बर्बाद होने से बचा सकती है।

शिक्षा, पढ़ाई और अनुभव से आती है, कोचिंग या ट्यूशन से नहीं?



सनत जैन

पिछले तीन दशक से भारत की शिक्षा पद्धति में बड़ी तेजी के साथ बदलाव आया है। प्राइमरी स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक सभी जगह ट्यूशन और कोचिंग का एक नया जाल बुना गया है। इस जाल में फंसने के बाद बच्चों को रटन्तु विद्या तो हासिल हो जाती है, परीक्षा में उनके नंबर भी अच्छे आ जाते हैं, लेकिन जो ज्ञान उन्होंने पढ़कर हासिल किया है, उसका अनुभव नहीं आने पर ऐसा ज्ञान उनके कोई काम नहीं आता है। गुरु पूर्णिमा का अवसर है, गुरु राह दिखाता है। उसमें चलना शिष्य को पड़ता है। जब तक शिक्षा का ज्ञान अनुभव में ना आए, तब तक शिक्षा का कोई महत्व नहीं होता है। भारत में 1990 के बाद से एक ऐसा नया दौर शुरू हुआ है, जहां माता-पिता बच्चों को परीक्षा में मिले नंबरों से उनका आकलन करते हैं, यह ठीक नहीं है। हर बच्चे की बुद्धि अलग-अलग होती है। उसके सोचने का तरीका अलग होता है। उसका काम करने का तरीका अलग होता है। माना जाता है, ईश्वर ने हर जीव में अलग बुद्धि और अलग कौशल प्रदान किया है, जो समय और अनुभव के साथ आगे बढ़ता है। उच्च शिक्षा की पढ़ाई में पहले थ्योरी के साथ-साथ प्रेक्टिकल पर भी ध्यान दिया जाता था। मिडिल और हाई स्कूल के बच्चों को विविधता के साथ ज्ञान उपलब्ध हो, इसके लिए स्कूलों में तरह-तरह की पढ़ाई और अनुभव से बच्चों को जोड़कर रखा जाता था। पिछले 30 वर्षों में जिस तरीके से शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव आया है, उसमें हम रटंतू तोता तैयार कर रहे हैं। कोचिंग से शिक्षा लेने वाले छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर परीक्षा के बाद बहुत ज्यादा नंबर लेने, मेरिट में आने के बाद भी, जब उन्हें अनुभव नहीं मिलता है। परीक्षा के प्रवेश नहीं मिलता है, तो उनके ज्ञान का कोई महत्व नहीं रह जाता है। यह बात परीक्षार्थियों, उनके माता-पिता और अभिभावकों को समझनी होगी। हर बच्चे का पारिवारिक स्तर अलग होता है। उसके घर और परिवार में अलग-अलग तरीके का माहौल होता है। हर परिवार की जीवन शैली अलग होती है। सामाजिक जीवन में विकास के लिये भाषा और गणित का ज्ञान बहुत आवश्यक होता है। वर्तमान समय में तकनीकी ज्ञान भी बड़ा आवश्यक है। सूचना प्रौद्योगिकी, डिजिटल तकनीकी और कंप्यूटर आदि की जानकारी वर्तमान समय में जरूरी हो गई है। इसके लिए प्राथमिक जानकारी एवं उसका उपयोग बहुत आवश्यक है। हर व्यक्ति का भाषा ज्ञान और विज्ञान उसके काम आता है, जो उसकी जरूरत में सदैव बना रहता है। अनुभव और समय की मांग के आधार पर वह अपने ज्ञान को निरंतर बढ़ाता रहता है। ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती है। अनुभव और समय के अनुसार नया ज्ञान हासिल करना जरूरत है। उसी ज्ञान के सहारे वह आगे बढ़ता चला जाता है। प.पू. आचार्य विद्यासागर जी महाराज कहते थे, बिल्ली जिस पंजे से शिकार करती है, उसी पंजे से अपने बच्चों का पालन भी करती है। जिसका शिकार करती है, उसे नुकसान होता है। उसी पंजे से बच्चों का पालन होता है। आचार्य विद्यासागर जी महाराज यह भी कहते थे, 50 शास्त्रों का ज्ञान और अनुभव का ज्ञान दोनों बराबर होते हैं। शास्त्रों में लिखा गया ज्ञान यदि अनुभव में नहीं आया है, तो उस ज्ञान का कोई महत्व नहीं है।

पिछले कुछ दशकों में सरकार ने जिस तरह की शिक्षा नीति बनाई है। उसमें नंबरों को आधार बनाकर बौद्धिक ज्ञान को नकार दिया गया है। उच्च शिक्षा की पढ़ाई में हर जगह अभ्यास के आधार पर परीक्षायें आयोजित हो रही हैं। परीक्षा में अधिक नंबर लाने के लिए ट्यूशन और कोचिंग संस्थानों की संख्या और उनका प्रभाव लगातार बढ़ता चला जा रहा है। 60 और 70 के दशक में विश्वविद्यालय में फर्स्ट डिवीजन के नंबर आने पर गोल्ड मेडलिस्ट बनने का सौभाग्य मिल जाता था। अब 95 फीसदी अंक लाने के बाद भी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश अथवा चयन होता है। जिस तरह पहले पहाडे को याद करा दिया जाता था। उसका उपयोग हमेशा होता था। बच्चों ने जो पहाडा, जोड़-घटाना, गुणा-भाग प्राइमरी में पढ़ा है, सारे जीवन वह याद रहता है। उसी ज्ञान के सहारे वह अपने करियर को निरंतर आगे बढ़ाते हैं। इसी तरह भाषा का ज्ञान हिंदी मातृ भाषा और अंग्रेजी का ज्ञान आज भी उनके लिए उपयोगी है, जो उन्होंने प्राइमरी मिडिल और हाई स्कूल में पढ़ा था। उच्च शिक्षा में आने के बाद जो ज्ञान हासिल हो रहा है, उसमें डिग्री तो मिल जाती है। जब उस डिग्री के ज्ञान का कोई उपयोग, अनुभव में नहीं आता है, तो उसका कोई महत्व नहीं रह जाता है। बच्चों और युवाओं के कई महत्वपूर्ण साल शिक्षा प्राप्त करने में खत्म हो जाते हैं। परिवार के लाखों रुपए पढ़ाई में खर्च हो जाते हैं। रोजगार, नौकरी तथा भविष्य को लेकर ठन-ठन गोपाल वाली स्थिति बनी हुई है। दुनिया में जो तकनीकी कई दशकों में ईजाद हुई है उसके लिए कोई विशेष पढ़ाई करने की जरूरत कभी नहीं हुई। जिस व्यक्ति ने सोच लिया, हमें यह ज्ञान हासिल करना है, उसने हासिल करके ही अपनी पहचान बनाई है। इस बात को हमें भूलना नहीं चाहिए। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हमें सोचना होगा आज का वर्तमान कल का भविष्य बनेगा। भारत में इस समय युवाओं की संख्या सबसे ज्यादा है। बच्चों की जनसंख्या घटना शुरू हो गई है। ऐसी स्थिति में हमें अपने भविष्य को बेहतर बनाना है, तो शिक्षा पद्धति में बदलाव लाना पड़ेगा। हर मस्तिष्क का उपयोग उसकी क्षमता और अनुभव के आधार पर हो। तभी स्वयं को परिवार और देश को आगे बढ़ाने में शिक्षा का महत्व है। वर्तमान में चीन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। चीन ने 12 हजार से अधिक रोजगार मूलक डिग्री शुरू की है। भारत में गुरु द्रोणाचार्य और एकलव्य की चर्चा होती है। जिस शिष्य को गुरु ने स्वीकार नहीं किया, उसी शिष्य ने द्रोणाचार्य को गुरु के रूप में स्वीकार किया। आस्था- विश्वास और अभ्यास से उनके परम शिष्य अर्जुन से आगे निकल गए। गुरु द्रोणाचार्य को एकलव्य का अंगूठा मांगना पड़ा। गुरु पूर्णिमा के अवसर ज्ञान के सभी गुरुओं को शत-शत प्रणाम।

चचेरे भाई-बहन में प्यार, कोर्ट मैरिज और फिर दर्दनाक अंत कानपुर में पत्नी का गला घोंट मांग में भरा सिंदूर

महानगर मेट्रो ब्यूरो

कानपुर। बर्रा इलाके में एक प्रेम विवाह का दर्दनाक अंत सामने आया है. यहां एक युवक ने कथित तौर पर अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद खुद फांसी लगाकर जान दे दी. घटना के बाद कमरे में पत्नी का शव फर्श पर मिला, जबकि युवक का शव पंखे से लटका हुआ था. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. घटना बर्रा-7 के एसएस ब्लॉक की है, जहां दंपती कुछ दिन पहले ही किराए के मकान में रहने आए थे. पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवक ने पत्नी की गला दबाकर हत्या की और इसके बाद खुद आत्मघाती कदम उठा लिया. हालांकि, मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी. फोरेंसिक टीम ने जब कमरे की जांच की तो वहां जमीन पर सिंदूर फैला हुआ मिला. पास में सिंदूर की डिब्बी भी पड़ी थी. महिला की मांग सिंदूर से भरी हुई थी और युवक के हाथ-पैर पर भी सिंदूर के निशान मिले. पुलिस को आशंका है कि पत्नी की हत्या के बाद युवक ने उसकी मांग में सिंदूर भरा और फिर खुद फंदे से लटक गया. मृतकों की पहचान सचेंडी थाना क्षेत्र के कला का पुरवा गांव निवासी 22 वर्षीय सौरभ सविता उर्फ टोनी और 18 वर्षीय रानी उर्फ शालिनी के रूप में हुई है. पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों के बीच करीब तीन साल से प्रेम संबंध थे. रिश्ते में दोनों चचेरे भाई-बहन लगते थे. परिवार की नाराजगी के बावजूद दोनों ने करीब तीन महीने पहले घर छोड़कर कोर्ट मैरिज कर ली थी. इसके बाद वे दिल्ली में रह रहे थे. करीब पांच दिन पहले दोनों कानपुर लौटे और बर्रा-7 स्थित एक होजरी कारोबारी के मकान की तीसरी मंजिल पर किराए का कमरा लेकर रहने लगे थे. मंगलवार दोपहर मकान की दूसरी मंजिल पर रहने वाली एक बुजुर्ग महिला छत पर कपड़े सुखाने गई थीं. इसी दौरान उनकी नजर कमरे के रोशनदान से अंदर पड़ी. कमरे में पंखे से युवक का शव लटका देखकर वह घबरा गईं और तुरंत मकान मालिक को सूचना दी मकान मालिक ने पुलिस को जानकारी दी.

रविदास जयंती पर समरसता यात्रा काशी से पंजाब तक दलित वोट साधने का BJP प्लान

महानगर मेट्रो ब्यूरो

लखनऊ। गुरु पूर्णिमा के दिन संत रविदास की 650वीं जयंती के मौके पर बीजेपी ने मिशन-2027 को फतह करने की मजबूत इबारत लिखती नजर आई है. बीजेपी ने बुधवार को संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर से 'समरसता संकल्प अभियान' की शुरुआत कर एक बड़ा राजनीतिक और सामाजिक संदेश देने का प्लान बनाया है. रविदास जयंती पर सात महीने के लिए समरसता संकल्प यात्रा शुरू कर रही है. बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन और सीएम योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की मौजूदगी में बीजेपी नेता वाराणसी में जुटेंगे और संत रविदास के जन्मस्थान की मिट्टी को 131 कलशों में भरकर पूरे देश में ले जाएंगे. बीजेपी की इस 'समरसता संकल्प यात्रा' का समापन बीस फरवरी 2027 को होगा, जब यूपी और पंजाब समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका होगा. माना जा रहा है कि संत रविदास के जरिए बीजेपी ने दलित समुदाय तक पहुंचने के लिए सात महीने का अभियान तैयार किया है. इस तरह बीजेपी का फोकस यूपी और पंजाब सहित 2027 में होने वाले सात राज्यों के चुनाव में साधने का प्लान है. संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर से शुरू हो रही संकल्प अभियान में रविदासी सन्त भी शामिल होंगे. 27 राज्यों से आए प्रतिनिधियों का महासंगम भी होगा. बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन संत रविदास मंदिर में मत्था टेकने और कांस्य प्रतिमा पर पुष्पार्चन के बाद शुरू हुई सभा से 131 पवित्र कलशों के माध्यम से 'समरसता संकल्प अभियान' की शुरुआत करेंगे, जिसका मकसद संत रविदास जी के समानता, सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुंचाना है.

मना किया तो पति के खाने में मिलाया जहर, हरदोई से सामने आई सनसनीखेज वारदात

महानगर मेट्रो ब्यूरो

हरदोई। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में शादी के महज सात महीने बाद एक नवविवाहिता पर अपने जीजा से अवैध संबंधो के चलते पति को खाने में जहर देने का आरोप लगा है. खुद पीड़ित ने पत्नी पर खाने में जहरीला पदार्थ मिलाकर हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया है. युवक का यह भी दावा है कि उसकी पत्नी के अपने दो सगे साढ़ुओं से अवैध संबंध थे और उन्हीं की साजिश पर उसे जहर देकर मारने की कोशिश की गई. पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर घटना के 21 दिन बाद पत्नी समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस के अनुसार, बिलग्राम थाना क्षेत्र के धांधामऊ के रहने वाले 28 वर्षीय संगम कुमार की शादी 24 नवंबर 2025 को कानपुर निवासी एक लड़की से हुई थी. संगम का आरोप है

मूक-बधिर मां की साड़ी में लगी आग, चपेट में आई इकलौती बेटी की मौत; चीख भी नहीं पाई, वीडियो कॉल कर मांगी मदद

महानगर मेट्रो ब्यूरो

इंदौर। जिले के देपालपुर इलाके से एक बेहद दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां दूसरा जन्मदिन मनाने के ठीक अगले दिन किचन में लगी अचानक आग की चपेट में आने से दो साल की एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में बच्ची की मूक-बधिर मां भी गंभीर रूप से झुलस गई है, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना देपालपुर तहसील के कुंगरा गांव की है। सोमवार सुबह काजल नाम की महिला किचन में खाना बना रही थी, तभी अचानक उनकी साड़ी में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पास ही खड़ी उनकी दो साल की बेटी सृष्टि भी उसकी चपेट में आ गई।

मूक-बधिर होने के कारण नहीं लगा पाई चीख

परिजनों ने बताया कि हादसे से कुछ मिनट पहले ही काजल की अपनी मां से वीडियो कॉल पर बात हुई थी, जिसमें छोटी बच्ची सृष्टि उनकी गोद में बैठी थी। हादसे के वक्त मूक-बधिर होने के कारण काजल मुंह से चिल्लाकर मदद नहीं मांग पाई। सूझबूझ दिखाते हुए उन्होंने तुरंत अपनी मां को फोन पर वीडियो कॉल किया, जिनका नंबर उनके फोन पर आसानी से उपलब्ध था। वीडियो कॉल पर आग का भयानक मंजर देखते ही परिवार वाले तुरंत उनके घर दौडे। सोमवार सुबह देपालपुर के कुंगरा गांव में हुआ हादसा दूसरा जन्मदिन मनाने के अगले दिन ही बेटी की मौत खाना बनाते वक्त मूक-बधिर महिला की साड़ी में लगी आग वीडियो कॉल के जरिए मां को दी गई थी हादसे की सूचना प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान मासूम ने तोड़ा दम 50 प्रतिशत तक झुलसी मां, वेंटिलेटर पर चल रहा इलाज अस्पताल में चल रहा मां का इलाज घटना के बाद मां और बेटी दोनों को इंदौर के एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान दंपती की इकलौती संतान छोटी सृष्टि ने दम तोड़ दिया। वहीं, करीब 50 प्रतिशत झुलस चुकी काजल का अस्पताल में इलाज जारी है। परिजनों को अंदेशा है कि गैस पाइपलाइन में आग लगने से यह हादसा हुआ होगा। राजेंद्र नगर पुलिस ने जीरो FIR दर्ज कर मामला देपालपुर पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है, जो इस पूरे मामले की जांच कर रही है। डीएसपी उमाकांत चौधरी ने बताया कि महिला अभी वेंटिलेटर पर है और पुलिस परिवार के अन्य सदस्यों के बयान दर्ज कर रही है।

'आज से हमारी बेटी मर गई...' लव मैरिज के बाद फैमिली ने तस्वीर जलाई, निभाईं अंतिम संस्कार की रस्में

महानगर मेट्रो ब्यूरो

उज्जैन। ये कहानी मध्य प्रदेश के उज्जैन की है. एक बेटी ने अपनी मर्जी से इंटरकास्ट लव मैरिज कर ली. परिवार इस बात के खिलाफ था. बेटी से नाराज परिजनों ने उसे जिंदा होते हुए भी मृत मान लिया. समाज और रिश्तेदारों की मौजूदगी में बेटी की तस्वीर का प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार किया गया, फोटो जलाया गया और उससे सभी रिश्ते खत्म करने का ऐलान कर दिया. बेटी के जन्म पर जिस घर में खुशियां मनाई गई थीं, उसी घर में उसकी तस्वीर के सामने लोग बैठे थे. फर्क सिर्फ इतना था कि इस बार कोई जन्मदिन नहीं मनाया जा रहा था. तस्वीर के सामने रस्में हो रही थीं, लोग रो रहे थे, और कुछ देर बाद उस तस्वीर को आग के हवाले कर दिया गया. यह किसी की मौत का मातम नहीं था. जिसकी तस्वीर जलाई जा रही थी, वह जिंदा है. मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के खाचरौद नगर के नरसिंह मंदिर क्षेत्र से सामने आई इस घटना ने लोगों को हैरान कर दिया है. यहां एक परिवार ने अपनी जीवित बेटी का प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार कर उससे सारे रिश्ते खत्म करने का ऐलान कर दिया. परिजनों के मुताबिक, उनकी बेटी कोमल प्रजापत ने परिवार की मर्जी के खिलाफ अंतरजातीय प्रेम विवाह कर लिया. परिवार ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी. मामला थाने तक पहुंचा. आरोप है कि थाने में भी कोमल ने अपने माता-पिता और भाइयों को पहचानने से इनकार कर दिया. यही बात परिवार को सबसे ज्यादा आहत कर गई. इसके बाद परिवार ने ऐसा फैसला लिया, जिसकी पूरे इलाके में चर्चा हो रही है. रिश्तेदारों और समाज के लोगों को बुलाया गया. आंगन में बेटी की तस्वीर रखी गई. उसके सामने 'गोरनी' की रस्म शुरू हुई. फिर तस्वीर को जलाकर प्रतीकात्मक दाह संस्कार किया गया. इसके बाद वे तमाम रस्में निभाई गईं, जो आम तौर पर किसी व्यक्ति की मौत के बाद की जाती हैं. मौके पर मौजूद परिवार के लोग भावुक भी नजर आए. परिजनों का कहना था कि उन्होंने बेटी को बड़े प्यार और संघर्ष के साथ पाला था. लेकिन प्रेम विवाह के बाद रिश्ते इस मुकाम पर पहुंच गए कि अब उनके लिए वह बेटी जीवित होकर भी मृत समान है. इसलिए आज से उसका परिवार से किसी भी तरह का संबंध नहीं रहेगा. युवती की बहन ने कहा कि परिवार का यह फैसला उन लड़कियों के लिए एक मैसेज है, जो बिना परिवार की सहमति के घर छोड़ देती हैं और बाद में अपने माता-पिता से भी रिश्ता तोड़ लेती हैं. वहीं भाई ने भी कहा कि परिवार ने बहन को काफी समझाने की कोशिश की थी, लेकिन उसने किसी की बात नहीं मानी.

अस्पताल में भर्ती प्रेमी से मिलने पहुंची प्रेमिका, इमरजेंसी वार्ड में ही करने लगी Kiss, जांच के आदेश

महोबा के जिला अस्?पताल में घरवालों ने नवल किशोर को भर्ती कराया था

महानगर मेट्रो ब्यूरो

महोबा। यूपी के महोबा जिला अस्पताल का एक वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। जहर खाकर अस्पताल पहुंचे प्रेमी से मिलने इमरजेंसी वार्ड में पहुंची प्रेमिका की हरकतों से अन्य तीमारदार असहज हो गए। दोनों के बीच मेल-मिलाप का घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सीएमएस ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। बताया जा रहा है कि कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के सेला गांव निवासी नवल किशोर ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। घरवालों ने तत?काल उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान युवक की प्रेमिका उससे मिलने अस्पताल पहुंची। दोनों का मिलन चर्चा का विषय बन गया।

अन्य मरीज और तीमारदार हो गए असहज

अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में प्रेमी और प्रेमिका की मुलाकात के समय वहां मौजूद अन्य मरीज और तीमारदार असहज हो गए। इस घटना से जुड़ा वीडियो इंटरनेट पर सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने अस्पताल की सुरक्षा और वार्ड के निगरानी की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। लोग प्रेमी-प्रेमिका के वार्ड में किए गए कृत्य को अस्पताल की मर्यादा के खिलाफ बताया है। वीडियो को लेकर लोगों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ सुरेश कुमार ने वीडियो सामने आने के बाद मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। उन?होंने कहा कि जांच के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने 10 पूर्व फौजियों की तैनाती की है जोकि सप्ताह में सातों दिन और चौबीस घंटे अपनी सेवाएं दे रहे हैं।'

शिवपुरी के गांव में 10-11 घंटे तक बिजली की कटौती, ग्रामीणों ने उर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर की निकाली अर्थी

महानगर मेट्रो ब्यूरो

शिवपुरी। जिले के सिरसौद गांव में बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने बुधवार को प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की अर्थी निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण बिजली कटौती से परेशान हैं। शिकायत के बावजूद सुधार नहीं हो रहा है। अमोला सिरसौद के ग्रामीणों ने बिजली की लगातार कटौती से नाराज होकर ऊर्जा मंत्री मुर्दाबाद के नारे लगाए। गांव में अर्थी सजाकर, उसे कंधे पर लेकर पूरे गांव में जुलूस निकाला गया। इसके बाद अर्थी को हाईवे से होते हुए मुक्तिधाम ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में रोजाना 10 से 11 घंटे की बिजली कटौती की जा रही है। अधिकारियों को कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी परेशानी के चलते दो दिन पहले सरपंच अतर सिंह लोधी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सिरसौद-पिछोर रोड पर चक्काजाम भी किया था। उस प्रदर्शन के बाद भी स्थिति में सुधार न होने पर बुधवार को अर्थी निकालकर विरोध जताया गया। बुधवार को सिरसौद के वृद्धाश्रम के सामने अर्थी सजाई गई। ग्रामीण अर्थी लेकर गांव की गलियों से गुजरे और बाद में श्मशान घाट पहुंचकर पेट्रोल डालकर उसका अंतिम संस्कार किया। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं। ग्रामीणों ने कहा कि लगातार कटौती से खेती, पेयजल और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है। अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

नर्मदापुरम के इटारसी में सियार का आतंक, नाला मोहल्ले में घुसकर महिलाओं और बच्चों समेत 13 लोगों को बनाया निशाना

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नर्मदापुरम। जिले के इटारसी शहर में सोमवार देर रात एक जंगली सियार ने ऐसा आतंक मचाया कि पूरी बस्ती सहम उठी। रात करीब 10 बजे अचानक एक सियार भगत सिंह नगर के नाला मोहल्ला इलाके में घुस आया और रास्ते में मिले लोगों पर ताबड़तोड़ हमले करने शुरू कर दिए। इस अप्रत्याशित हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कुल 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। इस हमले में सबसे ज्यादा गंभीर रूप से घायल 54 साल की कौशल्या बाई प्रजापति हैं, जिनके चेहरे और जबड़े पर सियार ने गहरे जख्म दिए हैं। उन्हें तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके घावों पर टांके लगाए। वहीं, अन्य ज्यादातर पीड़ितों के पैरों और कमर पर सियार ने अपने नुकीले दांतों से काटा है।सियार के इस खौफनाक हमले का शिकार होने वालों में कौशल्या बाई के अलावा सलमान शाह, अभिषेक पाल, इजराइल शाह, अनूप बरखाने, शकील अहमद, दौलत प्रसाद, 10 साल का अभय प्रजापति, महेंद्र साहू, सिमरन मौर्य, बृजेश सिंह, 14 साल का अतीक अहमद और सोनू शामिल हैं। सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि सभी घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार, एंटी-रेबीज के टीके और ड्रेसिंग देने के बाद ऑब्जर्वेशन में रखा गया है।



सोमवार रात करीब 10 बजे नाला मोहल्ले में घुसा सियार, अचानक हुए हमले में 13 लोग बुरी तरह हुए जख्म, 54 वर्षीय कौशल्या बाई के चेहरे और जबड़े पर गंभीर चोट,10 साल के बच्चे अभय और 14 साल के अतीक पर भी हमला , सभी घायलों को सरकारी अस्पताल में दी गई एंटी-रेबीज वैक्सीन, वन विभाग और पुलिस टीम जंगली जानवर की तलाश में जुटी, प्रशासन ने दी सतर्क रहने की सलाह,घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं। अधिकारियों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है ताकि उस खतरनाक जानवर को पकड़ा जा सके। वन विभाग ने स्थानीय लोगों को सतर्क रहने और जब तक जानवर पकड़ा नहीं जाता, रात के समय अकेले बाहर न निकलने की हिदायत दी है।

IAS रिंकू सिंह उरई नगर पालिका की जांच समिति से हटाए गए, जानिए डीएम ने क्यों लिया ये फैसला?

जालौन में एसडीएम के पद से हटाकर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) उरई बनाया गया था

महानगर मेट्रो ब्यूरो

जालौन। उत्तर प्रदेश के में अपनी कार्यशैली और सख्त प्रशासनिक रवैये के कारण आईएएस रिंकू सिंह फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में एक कोल्ड स्टोर पर की गई छापेमारी के बाद जिले की सियासत गरमा गई थी। इसके बाद हुए प्रशासनिक फेरबदल में उन्हें जालौन के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) पद से हटाकर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) उरई की जिम्मेदारी सौंप दी गई।

इधर, उरई नगर पालिका परिषद में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच को लेकर भी रिंकू सिंह राही का नाम लगातार चर्चा में बना हुआ है। नगर पालिका के कई सभासदों ने डीएम से मांग की थी कि नगर पालिका में कथित वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इसके लिए रिंकू सिंह राही को जांच अधिकारी बनाया जाए। सभासदों का मानना था कि उनकी सख्त कार्यशैली और निष्पक्ष छवि के चलते जांच प्रभावी ढंग से हो सकेगी।

वर्तमान एसडीएम का नाम समिति में शामिल

हालांकि, जालौन एसडीएम के पद से ट्रांसफर होने के बाद जांच समिति में उनके पदेन सदस्य के रूप में बने रहने की स्थिति समाप्त हो गई। इसके बाद डीएम कार्यालय ने जांच समिति में संशोधन करते हुए उनकी जगह वर्तमान एसडीएम जालौन राकेश कुमार सोनी को सदस्य नामित कर दिया।

कथित भ्रष्टाचार की जांच के लिए बनी है समिति

गौरतलब है कि 18 जून, 2026 को नगर पालिका परिषद उरई में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई थी। इसमें तत्कालीन एसडीएम जालौन रिंकू सिंह राही पदेन सदस्य थे। अब उनकी जगह एसडीएम राकेश कुमार सोनी पदेन सदस्य के रूप में जांच समिति में कार्य करेंगे, जबकि समिति के अन्य सदस्य यथावत बने रहेंगे।

विकास कार्यों की जांच का मामला

सूत्रों के अनुसार, नगर पालिका परिषद उरई में विभिन्न विकास कार्यों, वित्तीय लेनदेन और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं की शिकायतों को लेकर जांच की जा रही है। ऐसे में समिति में किया गया यह बदलाव जांच प्रक्रिया की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उधर, नगर पालिका परिषद उरई के अधिशासी अधिकारी (ईओ) रामअचल कुरील और रिंकू सिंह राही के बीच पहले से चली आ रही तनातनी को लेकर भी चर्चाओं का बाजार गर्म है। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर जांच समिति में बदलाव को सामान्य प्रक्रिया बताया जा रहा है।

मुंबई के 5 हाई-प्रोफाइल क्लबों के फूड लाइसेंस रद्द, स्नष्ठ की जांच में मिला एक्सपायर्ड फूड और गंदगी

महानगर मेट्रो ब्यूरो

मुंबई। पांच प्रमुख और हाई-प्रोफाइल क्लबों में खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के नियमों का गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने उनके एफएसएसएआई लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं.एक अन्य क्लब को बिना लाइसेंस काम करने पर तुरंत परिचालन बंद करने का आदेश दिया गया है. फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने सोमवार को मुंबई के पांच प्रमुख क्लबों के FSSAI लाइसेंस सस्पेंड कर दिए हैं. FD ने इन क्लबों की जांच के दौरान फूड सेफ्टी और साफ-साफाई के निमयों के गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर ये कार्रवाई की है. जांच में क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया, आरके जूहू जिमखाना, द अपर्णा जुहू जिमखाना, एमआईजी क्रिकेट क्लब और द विलिंगडन स्पोर्ट्स क्लब में कॉकरोच, गंदगी, एक्सपायर्ड खाना और कीटों का प्रकोप पाया गया. इसके अलावा मालाड वेस्ट स्थित गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब को बिना वैध लाइसेंस के काम कर रहा था, जिसे जांच टीम ने तुरंत काम बंद करने का

आदेश दिया. FDA ने कहा कि कई संस्थान फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट, 2006 और संबंधित नियमों का उल्लंघन करते पाए गए. इनमें साफ-सफाई, कीड़ों की रोकथाम (पेस्ट कंट्रोल), फूड स्टोरेज और साफ-सफाई के तरीकों में बड़ी कमियां पाई गईं. एफडीए ने अपनी कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि FDA ने 27 जुलाई को बृहन्मुंबई के सात खाद्य प्रतिष्ठानों में निरीक्षण अभियान चलाकर पांच प्रमुख संस्थानों के एफएसएसएआई लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं, जिनमें द क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया लिमिटेड, ऋ्र जुहू जिमखाना, द अपर्णा जुहू जिमखाना, स्ब्ठ्ठत्न क्रिकेट क्लब (बांद्रा ईस्ट) और द विलिंगडन स्पोर्ट्स क्लब शामिल हैं. FDA ने कहा कि पांच संस्थानों के लाइसेंस सस्पेंड किए गए, एक को कामकाज बंद करने का आदेश दिया गया और एक को सुधार के लिए नोटिस जारी किया गया. एफडीए ने कहा कि निरीक्षण के दौरान द क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया लिमिटेड में फूड हैंडलिंग वाले इलाके में जिंदा कॉकरोच और मक्खियों का प्रकोप मिला. वहां कचरा निपटान की खराब व्यवस्था, कोल्ड स्टोरेज में रखे खाने पर पानी टपकना, बंद नालियां, सड़ी-गली सब्जियां और एक्सपायर्ड हो चुके फूड आइटम रखे मिले. इसके अलावा अधिकारियों ने सही फूड लेबलिंग न होने, FIFO/FEFO सिस्टम का पालन न करने, शाकाहारी और मांसाहारी खाना बनाने की जगहों के बीच अलग-अलग व्यवस्था न होने और क्रॉस-कंटैमिनेशन (एक खाने से दूसरे में गंदगी फैलने) के जोखिम की ओर भी इशारा किया. आरके जुहू जिमखाना में जर्जर दीवारें, साफ-सफाई की अपर्याप्त सुविधाएं, खराब ड्रेनेज सिस्टम, फूड स्टोरेज का गलत तापमान और तलने वाले तेल के इस्तेमाल का कोई रिकॉर्ड न होने जैसी कमियां मिलीं. जांच में ये भी पता चला कि खाना बनाने और परोसने वाले कर्मचारी साफ-सफाई के बुनियादी नियमों का पालन नहीं कर रहे थे. वो ग्लव्स, कैप और एप्रन का इस्तेमाल नहीं कर रहे थे. अपर्णा जुहू जिमखाना में खाना पकाने के उपकरण जंग लगे हुए पाए गए, कीड़ों के आने-जाने की जगहें खुली थीं, साफ-सफाई की सुविधाएं ठीन नहीं थीं और कच्चे, पके, शाकाहारी व मांसाहारी फूड आइटम को अलग-अलग रखने की सही व्यवस्था नहीं थी. FDA ने ये भी पाया कि खाने के संपर्क में आने वाले उपकरणों को ठीक से सैनिटाइज नहीं किया जा रहा था और अनिवार्य ऑडिट भी नहीं कराए गए थे. MIG क्रिकेट क्लब की जांच में पता चला कि क्लब में बिना लाइसेंस वाली तीसरी संस्था नेबुला केटरिंग सर्विसेज बिना वैध लाइसेंस के वहां काम कर रही थी. FDA ने क्लब में कीड़ों के हमले, खाने-पीने की चीज़ों को गलत तरीके से रखने, खाने और पानी की टेस्टिंग के रिकॉर्ड न होने और ट्रेंड टेक्निकल स्टाफ की कमी की भी बात कही.

CJP protest के दौरान आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों की खैर नहीं, यूजर्स की जांच में जुटी दिल्ली पुलिस

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर चले CJP protest और 20 जुलाई के 'संसद चलो' मार्च के बाद अब दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर सख्ती बढ़ा दी है। पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सुरक्षाबलों के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र भाषा वाले पोस्ट करने वाले कई एक्स अकाउंट्स को नोटिस भेजे हैं। इनमें कुछ न्यूज पोर्टल्स के अकाउंट भी शामिल बताए जा रहे हैं।



पुलिस ने एक्स से इन अकाउंट्स के पीछे मौजूद लोगों की जानकारी भी मांगी है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि आंदोलन के दौरान और उसके बाद सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में ऐसे पोस्ट, वीडियो और टिप्पणियां सामने आईं जिनमें प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया। इसी वजह से पुलिस ने सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ाई और अब ऐसे कंटेंट हटाने के साथ-साथ पोस्ट करने वालों की पहचान करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। फिलहाल कितने अकाउंट्स को नोटिस भेजे गए हैं, इसकी आधिकारिक संख्या सामने नहीं आई है। जांच में ऐसे कई पोस्ट मिले जिनमें प्रधानमंत्री और सुरक्षाबलों के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया। पुलिस का कहना है कि ऐसे कंटेंट से कानून-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है, इसलिए कार्रवाई की जा रही है। दिल्ली पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम लगातार एक्स और दूसरे प्लेटफॉर्म्स पर नजर रख रही है। आपत्तिजनक पोस्ट मिलने पर संबंधित सोशल मीडिया कंपनियों को नोटिस भेजकर उन्हें हटाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, कई वीडियो और पोस्ट पहले ही हटाए जा चुके हैं, जबकि नए कंटेंट की निगरानी लगातार जारी है। पहले भी फर्जी पोस्ट पर हुई थी कार्रवाई इससे पहले दिल्ली पुलिस ने दावा किया था कि उसने 400 से ज्यादा सोशल मीडिया हैंडल की पहचान की थी, जो पाकिस्तान से जुड़े बताए गए और आंदोलन से संबंधित फर्जी खबरें, अफवाहें तथा डीपफेक वीडियो फैला रहे थे। पुलिस का कहना है कि साइबर और सोशल मीडिया टीमें अब भी ऑनलाइन गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और नियमों का उल्लंघन करने वाले कंटेंट पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

छात्रों के प्रदर्शन पर संसद में घमासान, नड्डा बोले आंदोलन करना है तो जेल जाने को तैयार रहे

महानगर मेट्रो ब्यूरो

दिल्ली। जंतर-मंतर में हाल ही में छात्र प्रदर्शनकारियों पर हुई पुलिसिया कार्रवाई को लेकर संसद से सड़क तक राजनीतिक घमासान मचा हुआ है. इस मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच एक तीखी बहस छिड़ गई है. संसद की कार्रवाई के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने पुलिस की कार्रवाई का खुलकर बचाव किया है.

राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने साफ शब्दों में कहा कि जो छात्र राजनीति या आंदोलन का रास्ता चुनते हैं, उन्हें पुलिसिया कार्रवाई और हिरासत के लिए भी तैयार रहना चाहिए. उन्होंने कहा कि ये एक सामान्य प्रक्रिया है.

जेपी नड्डा ने दिया अपने पुराने दिनों का दिया हवाला

राज्यसभा में विपक्ष के तीखे हमलों का जवाब देते हुए जेपी नड्डा ने अपने छात्र जीवन के दिनों की कहानी सुनाई. उन्होंने कहा कि इमरजेंसी के दौरान वे खुद एक छात्र नेता थे. उन्हें दो बार क्लास से सीधे गिरफ्तार किया गया था. नड्डा ने कहा कि कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस जो भी कदम उठाती है, वह बिल्कुल सही है. आंदोलन के दौरान हिरासत में लिया जाना कोई नई बात नहीं है, बल्कि यह सामान्य है. यह सालों से होता चला आ रहा है. दूसरी ओर, कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस दौरान भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया. खड़गे ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में देश का लोकतंत्र सुरक्षित नहीं है. विपक्ष की साफ मांग है कि देश के गृह मंत्री अमित शाह इस पुलिसिया कार्रवाई पर संसद में आकर खुद जवाब दें. इसके साथ ही विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी इस पूरे घटनाक्रम पर माफी मांगने की मांग की है

10 हजार की शिकायत, खुल गया करोड़ों का साइबर फ्रॉड, बैंक मैनेजर समेत 6 गिरफ्तार

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नई दिल्ली। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने 10 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी की शिकायत की जांच करते हुए देशव्यापी म्यूल बैंक अकाउंट सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए मैनेजर समेत 10 आरोपियों पर कार्रवाई की है। इसमें 6 को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 4 को बाउंड डाउन किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में से एक आरोपी बैंक का मैनेजर है, जबकि बाउंड डाउन किए गए चारों एक प्राइवेट बैंक के अधिकारी हैं। गिरोह के भंडाफोड़ के बाद बरामद 248 बैंक खातों के जरिए 70 करोड़ से अधिक के लेन-देन का पता चला है। ये खाते देशभर के 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दर्ज 156 साइबर ठगी की शिकायतों से जुड़े पाए गए, जिनमें करीब 20 करोड़ रुपये की ठगी हुई थी। अब तक 56 लाख की राशि फ्रीज की जा चुकी है। जांच में पता चला कि गिरोह के तार दुबई और ब्रिटेन तक जुड़े हैं। भारत में फरार सरगना और यूएई में बैठे मास्टरमाइंड की तलाश जारी है। 4 लोगों को किया गया बाउंड डाउन, ये चारों एक प्राइवेट बैंक के अधिकारी इस गिरोह के ब्रिटेन और दुबई तक जुड़े हुए हैं तार, मास्टर माइंड की है तलाश 3-4 साल से सक्रिय था सिंडिकेट डीसीपी सेंट्रल रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया कि यह गिरोह पिछले 3 से 4 वर्षों से भारत के अलावा दुबई और ब्रिटेन में सक्रिय साइबर ठगों को कॉरपोरेट करंट बैंक अकाउंट उपलब्ध करा रहा था। मामले में सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक के मैनेजर कुंदन कुमार को गिरफ्तार किया गया है, जबकि इंडसइंड बैंक के चार अधिकारियों/सहयोगियों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई (बाउंड डाउन) की गई है। पुलिस ने गिरोह से 248 बैंक अकाउंट किट, 38 सिम कार्ड, 22 मोबाइल फोन, 28 फर्जी कंपनी की मुहरें, 55 डेबिट/क्रेडिट कार्ड, 1 लाख कैश और एक मारुति ब्रेजा कार बरामद की है। डीसीपी ने बताया कि पटेल नगर के पंजाबी बस्ती निवासी एक पीड़ित ने शिकायत दी थी कि जॉब के नाम पर 10 हजार रुपये की ठगी हुई है। जांच के दौरान पता चला कि ठगी की रकम का एक हिस्सा 'डेमियन ट्रेडर्स' नाम की फर्जी फर्म के करंट अकाउंट में पहुंचा था। डिजिटल प्रोफाइलिंग के जरिए पुलिस पहले मोहित सोनी तक पहुंची, जिसे 8 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी के बाद पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ।

महाराष्ट्र सरकार के धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत आठ हजार पेड़ काटे जाएंगे।

क्या 8000 पेड़ काटे जाएंगे? धारावी प्रोजेक्ट के लिए पेड़ हटाने का प्रस्ताव अथॉरिटी को सौंपा

महानगर मेट्रो ब्यूरो

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार के धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत आठ हजार पेड़ काटे जाएंगे। हालांकि बीएमसी की योजना धारावी इलाके में मौजूद खुली जगहों पर 30,000 पेड़ फिर से लगाने की है। इस मामले से जुड़ा एक प्रस्ताव मंगलवार को 'ट्री अथॉरिटी' की बैठक में पेश किया गया। इसके अलावा धारावी पुनर्वास प्रोजेक्ट की वजह से हुए पेड़ों के नुकसान की भरपाई के लिए पालघर जिले में भी पेड़ लगाए जाएंगे।

धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट ने पकड़ी रफ्तार

धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत धारावी में रहने वाले पात्र झुग्गी-झोपड़ी निवासियों को 'स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी' के जरिए मुफ्त घर दिए जाएंगे। लगभग 3,50,000 अपात्र झुग्गी-झोपड़ी निवासियों को किराए पर घर उपलब्ध कराए जाएंगे। शुरू में इन लोगों को दूसरी जगह बसाने के लिए मुंबई में ही कुछ जगहों पर विचार किया



गया था, लेकिन इस कदम का विरोध हुआ। अब जबकि प्रोजेक्ट तेजी पकड़ रहा है। इस प्रक्रिया में धारावी इलाके के पेड़ प्रभावित हो रहे हैं।

पहले फेज में कितने पेड़ होंगे प्रभावित

धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के पहले चरण में 1,693 पेड़ प्रभावित होंगे। इनमें से 871 पेड़ काटे जाएंगे। जबकि 822 पेड़ दूसरी जगह लगाए जाएंगे। मुआवजे के तौर पर कंपनी ने नगर निगम को एक लिखित वादा (अंडरटेकिंग) दिया है कि वह पालघर जिले के चहाडे गांव में 90 एकड़ जमीन पर स्थानीय प्रजातियों के 22,904 पेड़ लगाएगी। नगर निगम के गार्डन विभाग को सौंपे गए प्रस्ताव के अनुसार, धारावी में सिटी सर्वे नंबर 2 (हिस्सा) और 3 (हिस्सा), सब-प्लॉट B पर पुनर्वास इमारतों के निर्माण के लिए खुदाई के काम से 8,000 पेड़ प्रभावित होंगे। मई 2026 में की गई संयुक्त जांच में साइट पर कुल 2,005 पेड़ पाए गए थे। इनमें 1,998 जीवित पेड़ और 7 उखड़े हुए पेड़ शामिल थे। मंजूर की गई योजना के मुताबिक, प्रोजेक्ट के काम में बाधा बन रहे 1,693 पेड़ों को हटाने का प्रस्ताव दिया गया है। कंपनी की ओर से दिए गए लिखित वादे के अनुसार, पेड़ काटे जाने के 15 दिनों के भीतर 22,904 नए पेड़ लगाए जाएंगे। मुंबई नगर निगम के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स, साथ ही प्राइवेट रीडेवलपमेंट और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की वजह से कुल 1,443 पेड़ प्रभावित होंगे। इनमें से 902 पेड़ों को सीधे काटा जाएगा, जबकि 541 पेड़ों को दूसरी जगह लगाया (ट्रांसप्लांट) जाएगा।

दिल्ली में पानी चोरी और बिना बिलिंग पर बड़ी कार्रवाई, 30 लाख अवैध कनेक्शन होंगे रेगुलर

महानगर मेट्रो ब्यूरो

दिल्ली। पानी की किल्लत और जल बोर्ड के घाटे को दूर करने के लिए सरकार ने एक बहुत बड़ा मास्टर प्लान तैयार किया है. बुधवार को दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि राजधानी में इस समय 30 लाख से भी ज्यादा कस्टमर बिना किसी बिल के दिल्ली जल बोर्ड का पानी इस्तेमाल कर रहे हैं. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में बिजली के कनेक्शन 60 लाख से ज्यादा हैं. वहीं जल बोर्ड के रजिस्टर्ड ग्राहकों की संख्या महज 30 लाख है. इसका सीधा मतलब यह है कि आधी दिल्ली में पानी का इस्तेमाल बिना किसी रिकॉर्ड या अवैध तरीके से हो रहा है. आम जनता की भी लंबे समय से शिकायत रही है कि पानी का मीटर होने के बावजूद हर महीने उनका बिल समय पर नहीं आता. इस पूरी व्यवस्था को सुधारने के लिए सरकार अब जमीनी स्तर पर काम करने जा रही है. सरकार ने इस इस व्यवस्था को पूरी तरह बदलने का फैसला किया है. इसके लिए 3 प्राइवेट एजेंसियों को काम सौंपा गया है, जो अगले 6 महीनों के अंदर पूरी दिल्ली में श्व-चङ्घ्रष्ट का काम पूरा करेंगी. ये एजेंसियां न सिर्फ हर घर का वेरिफिकेशन करेंगी, बल्कि पानी के मीटर की रीडिंग लेने और समय पर बिल भेजने की जिम्मेदारी भी इन्हीं की होगी. खास बात यह है कि इस बार कंपनियों को परफॉर्मेंस बेस्ड पेमेंट दी जाएगी, यानी जैसा काम होगा, वैसा ही पेमेंट मिलेगा. पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पानी के आने और जाने के रास्तों पर आधुनिक मीटर लगाए जाएंगे जिससे पता चल सके कि कितना पानी साफ हुआ और कितना सप्लाई किया गया. दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि इस महा-अभियान को पूरा करने के लिए सरकार ने 700 लोगों की एक विशेष वर्कफोर्स तैयार करने का फैसला लिया है. उन्हें कॉन्ट्रैक्ट पर रखा जाएगा. इस नौकरी में उन युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी जो स्स्ष्ट-ष्टत्ररु की परीक्षा में कुछ नंबरों से चूक जाते हैं.

मन्नत पूरी हुई तो किसी ने चढ़ाया 300 ग्राम का सोने का हार, किसी ने मुकुट... गुरुपूर्णिमा पर साईं दरबार में 1.70 करोड़ का चढ़ावा

महानगर मेट्रो ब्यूरो

शिरडी। गुरुपूर्णिमा पर महाराष्ट्र के शिरडी स्थित साईं बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं ने दिल खोलकर गुरुदक्षिणा अर्पित की. दो दिनों में मंदिर ट्रस्ट को करीब 1.70 करोड़ रुपये कीमत के सोने के आभूषण मिले हैं. इनमें दो सोने के मुकुट, दो स्वर्ण ओम और मुंबई के एक श्रद्धालु द्वारा चढ़ाया गया 300 ग्राम वजनी सोने का हार गुरुपूर्णिमा... यानी गुरु के प्रति श्रद्धा और समर्पण का पर्व... महाराष्ट्र के शिरडी में इस मौके पर देशभर से लाखों श्रद्धालु साईं बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे. इस बार चर्चा उस गुरुदक्षिणा की भी है, जो श्रद्धालुओं ने बाबा के चरणों में अर्पित की. यहां दो दिनों में शिरडी के साईं बाबा मंदिर में करीब 1 करोड़ 70 लाख रुपये कीमत के सोने के आभूषण चढ़ाए गए. इनमें सोने के मुकुट हैं, सोने का ओम है और एक ऐसा नक्काशीदार सोने का हार भी है, जिसकी कीमत अकेले 47 लाख रुपये है. मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, गुरुपूर्णिमा पर मुंबई के एक श्रद्धालु ने अपनी मन्नत पूरी होने के बाद साईं बाबा को 300 ग्राम वजनी नक्काशीदार सोने का हार अर्पित किया. इस हार की अनुमानित कीमत 47 लाख है. खास

बात यह है कि श्रद्धालु ने अपनी पहचान सार्वजनिक न करने के लिए कहा है, जिसे मंदिर प्रशासन ने स्वीकार किया. गुरुपूर्णिमा के दो दिनों में मंदिर को दो स्वर्ण मुकुट और दो सोने के ओम भी भेंट किए गए. इनमें एक बड़ा सोने का मुकुट 642 ग्राम, एक छोटा मुकुट 60 ग्राम और एक स्वर्ण ओम 51 ग्राम वजन का है. ट्रस्ट का कहना है कि दो दिनों में प्राप्त सभी स्वर्ण आभूषणों का कुल वजन करीब 1 किलो 53 ग्राम है साईं बाबा मंदिर ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) गोरक्ष गाडिलकर ने बताया कि गुरुपूर्णिमा उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की ओर से लगातार स्वर्ण आभूषण अर्पित किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि कल और आज मिले सभी स्वर्ण आभूषणों का कुल मूल्य लगभग 1.70 करोड़ है शिरडी में गुरुपूर्णिमा का पर्व हर साल विशेष श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है. देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु अपनी आस्था के अनुसार नकदी, सोना-चांदी और अन्य कीमती चीजें बाबा को अर्पित करते हैं. इस वर्ष भी बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन किए और मंदिर में चढ़ावा अर्पित किया.

पुणे के बारामती प्रेरणा स्थल उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इनवाइट करेंगे शरद पवार

महानगर मेट्रो ब्यूरो

